# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बाँदा (उ०प्र०)

(पूर्ववर्ती डॉ० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बाँदा)

# प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | बारहवीं |
| दिनांक | : | 03 अगस्त, 2022 |
| दिन | : | बुधवार |
| समय | : | मध्याह्न 12:00 बजे |
| स्थान | : | 63, नवीन भवन, उ०प्र० सचिवालय, लखनऊ |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक माननीय अध्यक्ष प्रो० मणीन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनाँक 03 अगस्त, 2022 दिन बुधवार को 63, नवीन भवन, उ०प्र० सचिवालय, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० मणीन्द्र अग्रवाल,<br>प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस विभाग, आई०आई०टी० कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री आर०एल० त्रिपाठी,<br>विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ० प्र० शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो० प्रदीप कुमार मिश्रा,<br>माननीय कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | श्री एफ० आर० खान,<br>प्रतिनिधि, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, उ०प्र०। | सदस्य |
| 5. | प्रो० शुशान्त कुमार श्रीवास्तव,<br>प्रतिनिधि, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (बी०एच०यू०) वाराणसी। | सदस्य |
| 6. | प्रो० पी० एम० पाण्डेय,<br>निदेशक, बी०आई०ई०टी० झांसी। | सदस्य |
| 7. | प्रो० राजीव त्रिपाठी,<br>पूर्व निदेशक, मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 8. | प्रो० गोविन्द पाण्डे,<br>प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एम०एम०एम०यू०टी० गोरखपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो० देवेन्द्र मोहन,<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०), वाराणसी। | सदस्य |
| 10. | श्री द्वारकाधीश बाधवा,<br>मे० साकेत ट्यूब्स (आर०सी०सी० ह्यूम पाइप इकाई), लखनऊ। | सदस्य |
| 11. | प्रो० दीप्तीक परमार,<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, एच०बी०टी०यू० कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो० राजीव कुमार,<br>प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आई०ई०टी० लखनऊ। | सदस्य |
| 13. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा। | सदस्य सचिव |

| मद सं० | मद का विवरण |
| --- | --- |
| 12:01 | संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29.12.2020 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।<br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 29.12.2020 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 12:02 | प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29.12.2020 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।<br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 29.12.2020 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:03 | विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अन्तर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन।<br>विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अन्तर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:04 | डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गए प्रस्ताव, किए गए क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना तथा अनुमोदन।<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गए प्रस्ताव, किए गए क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |

| | |
|---|---|
| 12:05 | <u>संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना।</u><br>संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:06 | <u>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की बारहवीं, तेरहवीं, चौदहवीं एवं पन्द्रहवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन</u><br>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की बारहवीं बैठक दिनांक 17.02.2021 को, तेरहवीं बैठक दिनांक 27.03.2021, चौदहवीं बैठक दिनांक 30.11.2021 तथा पन्द्रहवीं बैठक दिनांक 28. 05.2022 को आहूत की गई, जिसके कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:07 | <u>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन</u><br>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की पंचम बैठक दिनांक 26.03.2021 को ऑनलाइन माध्यम में आहूत की गई, जिसके कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:08 | <u>वित्त समिति की ग्यारहवीं एवं बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 18.03.2021 एवं बारहवीं बैठक दिनांक 27.04.2022 को आहूत की गयी, जिसके कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:09 | <u>संस्थान की शैक्षणिक समिति की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>संस्थान की शैक्षणिक समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 27.05.2022 को आहूत की गयी, जिसके कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:10 | <u>संस्थान के लीव रूल्स के संशोधन पर विचार।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा लीव रूल्स में संशोधन के प्रस्ताव को उ० प्र० शासन द्वारा इस संबंध में निर्धारित नियमों के अनुरूप संशोधित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |

| | |
|---|---|
| 12:11 | <u>संस्थान में **PMSSS** योजना के अर्न्तगत छात्र–छात्राओं से ली जाने वाली फीस हेतु अनुमोदन।</u><br>संस्थान में PMSSS योजना के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं से ली जाने वाली फीस से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:12 | <u>संस्थान में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ बेंच के अर्न्तगत लम्बित वादों को निस्तारित किये जाने हेतु श्री शुभम त्रिपाठी अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ बेंच को संस्थान से सम्बद्ध किये जाने तथा इंपैनल्ड अधिवक्ताओं का परिश्रमिक शुल्क विश्वविद्यालय के अनुरूप किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u><br>संस्थान में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ बेंच के अर्न्तगत लम्बित सामान्य वादों को निस्तारित किये जाने हेतु श्री शुभम त्रिपाठी अधिवक्ता माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ बेंच को तथा कुछ विशिष्ट वादों में वाद के अनुसार अधिवक्ताओं को संस्थान से सम्बद्ध किये जाने तथा सम्बद्ध अधिवक्ताओं का न्यूनतम परिश्रमिक शुल्क डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के समान किये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:13 | <u>संस्थान में विभिन्न चयन समितियों एवं अन्य समितियों/विशेषज्ञ व्याख्यानों में मानदेय दिये जाने के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान में विभिन्न चयन समितियों एवं अन्य समितियों/विशेषज्ञ व्याख्यानों में ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से प्रतिभाग करने वाले प्रोफेसर, उद्योगों के विशेषज्ञ तथा समकक्ष सदस्यों को रु० 5000.00 प्रतिदिन तथा एसोसिएट प्रोफेसर को रु० 4000.00 प्रतिदिन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर को रु० 3000.00 प्रतिदिन मानदेय संस्थान से दिये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:14 | <u>विज्ञापन संख्या **01/Dir/RECBANDA/2020** दिनांक 08.12.2020 के सापेक्ष संस्थान के निदेशक चयन हेतु की गयी कार्यवाही एवं लिये गये निर्णयों की सूचना एवं अनुमोदन।</u><br>विज्ञापन संख्या 01/Dir/RECBANDA/2020 दिनांक 08.12.2020 के सापेक्ष संस्थान के निदेशक चयन हेतु की गयी कार्यवाही एवं लिये गये निर्णयों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |

| | |
|---|---|
| 12:15 | **<u>विज्ञापन संख्या 01/Dir/RECBANDA/2021 दिनांक 01.06.2021 के सापेक्ष संस्थान के निदेशक चयन हेतु की गयी कार्यवाही एवं लिये गये निर्णयों की सूचना एवं अनुमोदन।</u>**<br>विज्ञापन संख्या 01/Dir/RECBANDA/2021 दिनांक 01.06.2021 के सापेक्ष संस्थान के निदेशक चयन हेतु की गयी कार्यवाही एवं लिये गये निर्णयों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:16 | **<u>संस्थान में रिक्त शैक्षणिक पदों के रोस्टर की सूचना एवं अनुमोदन।</u>**<br>संस्थान में रिक्त शैक्षणिक पदों के रोस्टर की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:17 | **<u>विज्ञापन संख्या FSREC/2021/01 दिनांक 06.09.2021 के सापेक्ष रिक्त नियमित पदों पर गतिशील चयन प्रक्रिया की सूचना एवं चयन प्रक्रिया हेतु स्क्रीनिंग समिति तथा चयन समिति का अनुमोदन।</u>**<br>विज्ञापन संख्या FSREC/2021/01 दिनांक 06.09.2021 के सापेक्ष रिक्त नियमित पदों पर गतिशील चयन प्रक्रिया की सूचना, चयन प्रक्रिया हेतु स्क्रीनिंग समिति एवं चयन प्रकिया हेतु अब तक कृत कार्यवाही तथा चयन समिति के गठन से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:18 | **<u>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति में वरिष्ठ संकाय सदस्य के नामांकन के सम्बन्ध में।</u>**<br>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति में डॉ० सुरेन्द्र कुमार सहायक आचार्य प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग के स्थान पर डॉ० सिद्धार्थ अरजरिया, सहायक आचार्य, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के नामांकन प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:19 | **<u>संस्थान में कार्यरत नियमित संकाय सदस्यों हेतु कैरियर उन्नयन योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्रस्ताव।</u>**<br>संस्थान में कार्यरत नियमित संकाय सदस्यों हेतु कैरियर उन्नयन योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्न "स्कीनिंग सह मूल्यॉकन समिति" बनाये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया:–<br>[i] The Director of the College - Chairman<br>[ii] Head of the concerned depertment from the College, where there is no HOD, Professor as nominated by the Director from the same or any |

| | |
|---|---|
| | other Institution - Member<br>[iii] One subject expert to be nominated by the Chairman Board Of Governors.<br>[iv] Two subject experts to be selected by the Director from the panel of subject experts approved by Board Of Governors.<br>साक्षात्कार की आवश्यकता होने पर सक्षम स्तर से गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार कराये जाने के प्रस्ताव पर भी प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:20 | <u>संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर के सुचारू संचालन हेतु कार्यनीति एवं सेक्शन 8 कम्पनी बनाने का अनुमोदन।</u><br>संस्थान में इन्क्यूबेशन सेंटर के सुचारू संचालन हेतु कार्यनीति एवं सेक्शन 8 कम्पनी बनाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:21 | <u>संस्थान के सहायक आचार्य, डॉ० अमित त्रिपाठी, एप्लाइड साइंस एवं ह्यूमेनिटीज विभाग द्वारा बिना अनुमति संस्थान से अनुपस्थित रहने तथा लगातार की जा रही अनुशासनहीनता के संबंध में सूचना।</u><br>संस्थान के सहायक आचार्य, डॉ० अमित त्रिपाठी, एप्लाइड साइंस एवं ह्यूमेनिटीज विभाग से संबंधित उक्त प्रकरण पर प्रशासकीय परिषद ने निदेशक द्वारा प्रस्तावित एक सदस्यीय तथ्यान्वेषी (Fact finding) समिति (जिसके सदस्य प्रोफेसर जी० एस० तोमर, निदेशक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र होंगे) से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। Fact finding समिति की रिपोर्ट अगली BOG मीटिंग में प्रस्तुत की जायेगी। प्रकरण में निर्णय होने तक डॉ० अमित त्रिपाठी की जुलाई, 2022 से वार्षिक वेतन वृद्धि को अस्थायी रूप से स्थगित किये जाने हेतु परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:22 | <u>संस्थान के नियमित शिक्षकों द्वारा वार्षिक गोपनीय आख्या (ए०सी०आर०) की प्रति मांगे जाने के संबंध में।</u><br>संस्थान के नियमित शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय आख्या (ए०सी०आर०) की अंतिम प्रविष्टि संबंधित संकाय सदस्य को उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:23 | <u>संस्थान में वर्ष 2021–22 हेतु पठन–पाठन कार्य के लिये नियुक्त हुये अतिथि व्याख्याताओं की सूचना।</u><br>संस्थान में वर्ष 2021–22 हेतु पठन–पाठन कार्य के लिये नियुक्त हुये अतिथि व्याख्याताओं की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |

| | |
|---|---|
| 12:24 | <u>**कार्यदायी संस्था C & DS द्वारा संस्थान के भवन हैण्डओवर संबंधी प्रपत्र उपलब्ध न किये जाने एवं अधूरे निर्मित एस०टी०पी० संबंधी प्रकरण।**</u><br>कार्यदायी संस्था C & DS द्वारा संस्थान के भवन हैण्डओवर संबंधी प्रपत्र उपलब्ध न किये जाने से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं इस प्रकरण में संस्थान स्तर पर एक समिति बना कर इंवेंट्री बनाये जाने तथा अधूरे निर्मित एस०टी०पी० संबंधी प्रकरण में कार्यदायी संस्था C & DS के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु परिषद द्वारा निर्देशित किया गया। |
| 12:25 | <u>**संस्थान के सोसाइटी रूल्स के बिन्दु–8 में प्राविधानित व्यवस्था को प्रदेश के शासन द्वारा वित्तपोषित अन्य संस्थानों की भांति किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।**</u><br>संस्थान के सोसाइटी रूल्स के बिन्दु–8 में S. No (xi) के स्थान पर S. No (x) किये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:26 | <u>**संस्थान में M. Tech. (Computer Science) आरम्भ किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने के सम्बम्ध में अनुमोदन।**</u><br>संस्थान में M. Tech. (Computer Science) आरम्भ किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:27 | <u>**संस्थान में एडजन्क्ट फैकल्टी एवं विजिटिंग फैकल्टी पर विचार एवं अनुमोदन।**</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में एडजन्क्ट फैकल्टी/रिसोर्स पर्सन अभातशिप के माध्यम से लिए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:28 | <u>**संस्थान में छात्र–छात्राओं के आवागमन/यात्राओं हेतु वाहन क्रय के सम्बन्ध में।**</u><br>संस्थान में छात्र–छात्राओं के आवागमन/यात्राओं हेतु वाहन क्रय के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वाहन क्रय किये जाने तक किराये पर वाहन लिये जाने के प्रस्ताव पर भी प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:29 | <u>**संस्थान में अतिथि व्याख्याता का पदनाम संविदात्मक संकाय सदस्य किये जाने तथा उन्हें अभातशिप के मानक के अनुसार वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।**</u><br>संस्थान में अतिथि व्याख्याता का पदनाम संविदात्मक संकाय सदस्य किये जाने तथा उन्हें अभातशिप के मानक के अनुसार वेतन दिये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। परिषद द्वारा इस अनुमोदित प्रस्ताव को शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |

| | |
|---|---|
| 12:30 | <u>संस्थान के विस्तार हेतु भूमि की आवश्यकता के सम्बन्ध में।</u><br>संस्थान के विस्तार एवं विकास हेतु लगभग 20 एकड़ की भूमि का क्रय संस्थान की अपनी बचतों से किये जाने से प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। परिषद द्वारा इस अनुमोदित प्रस्ताव को शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 12:31 | <u>संस्थान में शिक्षणेत्तर समूह 'ग' व 'घ' (तकनीकी/गैर तकनीकी) के पदों पर चयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शासन को प्रेषित मानक नियमावली में भिन्नताओं की सूचना।</u><br>संस्थान में शिक्षणेत्तर समूह 'ग' व 'घ' (तकनीकी/गैर तकनीकी) के पदों पर चयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शासन को प्रेषित मानक नियमावली में भिन्नताओं के संबंध में संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय व शासन को भेजे गये पत्रों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 12:32 | <u>संस्थान के शैक्षणिक विभागों की प्रत्येक ब्रांच से प्रतिवर्ष 02 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की छात्रा को निशुल्क शिक्षा दिये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u><br>संस्थान के शैक्षणिक विभागों की प्रत्येक ब्रांच से प्रतिवर्ष 02 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की छात्रा को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:33 | <u>संस्थान में छात्र–छात्राओं से ली जाने वाली फीस में छात्रावास शुल्क में वृद्धि के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u><br>सत्र 2022–23 से संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं से ली जाने वाली फीस में छात्रावास शुल्क रु० 9600.00 के स्थान पर रु० 11,000.00 लिये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:34 | <u>कोविड–19 के दृष्टिगत संस्थान के पुस्तकालय का विलम्ब शुल्क माफ किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u><br>कोविड–19 के दृष्टिगत दिनांक 29 फरवरी 2020 से दिनांक 17 जनवरी 2021 के मध्य संस्थान के पुस्तकालय से छात्र–छात्राओं द्वारा पठन–पाठन हेतु ली गयी पुस्तकों का विलम्ब शुल्क माफ किये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

| | |
|---|---|
| 12:35 | **<u>संस्थान के सोसायटी रूल्स के बिन्दु संख्या 7 (ix) में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रशासकीय परिषद में सदस्य का नामांकन किये जाने के संबंध में।</u>**<br>संस्थान के सोसायटी रूल्स के बिन्दु संख्या 7 (ix) में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रशासकीय परिषद में प्रो०, विनय कुमार पाठक, प्रोफेसर कम्प्यूटर साइंस विभाग, एच०बी०टी०यू० कानपुर एवं वर्तमान कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को नामित किये जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:36 | **<u>संस्थान में उपलब्ध टाइप–2 आवासों के किराये तथा प्रयोग होने वाली विद्युत ऊर्जा का शुल्क निर्धारण करने के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u>**<br>संस्थान में उपलब्ध टाइप–2 आवासों के किराये तथा प्रयोग होने वाली विद्युत ऊर्जा का शुल्क निर्धारण करने से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:37 | **<u>संस्थान द्वारा NAAC हेतु आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।</u>**<br>संस्थान द्वारा NAAC हेतु आवेदन किया जाना है जिसके लिये संस्थान द्वारा लगभग आवेदन शुल्क रू० 7.00 लाख, अथवा आवेदन करते समय जो आवेदन शुल्क हो, जमा किया जाना तथा आवेदन हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 12:38 | **<u>संस्थान में मानवशक्तियों हेतु सेवा प्रदाता एजेन्सी के चयन के लिये जेम पोर्टल पर बिड किये जाने के सम्बन्ध में सूचना।</u>**<br>संस्थान में दिये गये विवरणानुसार 111 मानवशक्तियों हेतु सेवा प्रदाता एजेन्सी का समयकाल पूरा होने के दृष्टिगत नयी एजेंसी के चयन हेतु जेम पोर्टल पर बिड किये जाने के सम्बन्ध में सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 12:39 | **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।</u>**<br>संस्थान के विभिन्न शैक्षणिक विभागों द्वारा दी गयी सूची के अनुसार प्रयोगशालाओं हेतु क्रय की जानी वाली मशीनों/उपकरणों को क्रय किये जाने हेतु उ०प्र० शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य–सचिव, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(प्रो० मणीन्द्र अग्रवाल)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा